हिंदूजा समूह लगाएगा 600 मेगावाट का सोलर प्लांट

अच्छी खबर

■ अजित खरे

- ■ ललितपुर व चित्रकूट में भी नए सोलर प्लांट की तैयारी
- ■ सरकार की 3710 मेगावाट सौर ऊर्जा उत्पादन की योजना
- ■ इस साल दिसंबर तक परियोजना लगाने की तैयारी
- ■ बड़ी बड़ी जमीन की उपलब्धता के कारण सोलर परियोजनाओं के सर्वाधिक उपयुक्त

लखनऊ। बुंदेलखंड में सोलर ऊर्जा में निवेश परियोजनाएं आने की रफ्तार बढ़ने लगी है। झांसी में हिंदूजा रिन्यूएबल इनर्जी 600 मेगावाट का सोलर प्लांट लगाएगा। यहां 2700 एकड़ जमीन सोलर पार्क के लिए उपलब्ध हो गई है। एनटीपीसी ग्रीन इनर्जी ललितपुर में 600 मेगावाट व चित्रकूट में 800 मेगावाट का सोलर प्लांट लगाएगा। इन तीनों परियोजनाओं में प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष तौर पर 16 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा। इन तीनों अल्ट्रा मेगा सौर ऊर्जा पार्क के इस साल के अंत तक पूरा होने की उम्मीद है।

असल में वर्तमान में यूपी में विभिन्न स्रोतों से 2000 मेगावाट सौर ऊर्जा का उत्पादन हो रहा है। सरकार की योजना विभिन्न परियोजनाओं के जरिए 3710 मेगावाट उत्पादन लक्ष्य पाने की है। अभी इन तीन नए पार्क के स्थापित होने से 435 मेगावाट की सौर ऊर्जा उत्पादित होगी।

पिछले साल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने झांसी, ललितपुर और चित्रकूट में ग्राउंड माउंटेड अल्ट्रा मेगा सौर ऊर्जा पार्क विकसित करने के निर्देश दिए थे। इसके बाद नेडा ने इसके लिए योजना बनाई। ललितपुर में 2700 एकड़ में सोलर पार्क विकसित करने के लिए 90 प्रतिशत जमीन अधिग्रहीत हो चुकी है। यहां 600 मेगावॉट क्षमता के इस प्लांट के जरिए 5000 लोगों को सीधे या अप्रत्यक्ष तौर पर रोजगार प्राप्त होगा। जहां तक झांसी की बात है तो वहां 96 प्रतिशत भूमि अधिग्रहीत हो चुकी है। चित्रकूट में हर वर्ष 1900 मिलियन यूनिट बिजली का उत्पादन होगा। चित्रकूट में 800 मेगावाट क्षमता के सोलर प्लांट 3400 एकड़ जमीन पर लगेगा। बुंदेलखंड में बड़ी बड़ी जमीन की उपलब्धता व सूर्य की अधिक व लंबे समय तक रोशनी के कारण सोलर परियोजनाओं के लिए यह क्षेत्र सर्वाधिक उपयुक्त है। जबकि बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के किनारे सोलर पार्क भी विकसित करने पर काम चल रहा है।